## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 67.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 जून तक 67.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 21.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। आज सबसे ज्यादा वर्षा घरघोड़ा तहसील में 55.2 मि.मी.दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 60.4 मिली मीटर, पुसौर में 45.7, खरसिया में 60.7, सारंगढ़ में 70.6, बरमकेला में 99.5, घरघोड़ा में 97.7, तमनार में 97.9, लैलूंगा में 42.2 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 30.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक पद के लिए 5 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 आंगनबाड़ी केन्द्र हटरी चौक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक पद हेतु 5 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन नियत तिथि तक एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा आवेदिका को उसी वार्ड की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### पिता की डंडा मारकर हत्या, आरोपी पुलिस हिरासत में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार के ग्राम झिंगोल में रहने वाले समारू राठिया उम्र 62 वर्ष की उसके पुत्र सीताराम राठिया द्वारा आज सुबह मामूली बात पर डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिया गया है । घटना की रिपोर्ट मृतक की पत्नी श्रीमती आसमती राठिया द्वारा थाना तमनार में दर्ज कराया गया । जानकारी के अनुसार आज दिनांक 20/06/2019 के सुबह करीब 09/00 श्रीमती आसमती राठिया उम्र 60 वर्ष खेत में धान बोने के लिए घर में धान साफ कर (पच्छर) रही थी । उसी समय इसका बेटा सीताराम राठिया आकर बोला कि चलो तुम्हारा खाता से पैसा निकाल देना । तब आसमती बोली कि कल बैंक जायेंगें आज धान बोना हैं जिस पर सीताराम नाराज होकर अपनी मां को गाली गुप्तार करने लगा । जिसे देखकर सीताराम राठिया को उसके पिता समारूराम राठिया ने समझाया तो सीताराम उसे भी गंदी गंदी गाली देकर जान से मारनें की धमकी दिया और घर में रखे डंडा से मारने पीटने लगा, जिससे समारू राठिया वहीं बेहोश होकर गिर गया। श्रीमती आसमती ने घर आसपास रहने वाले लोगों व सरपंच को बुलाया, सरपंच ने डायल 112 को कॉल किया जिस पर डायल 112 वाहन में स्टाफ आकर आहत को शासकीय अस्पताल तमनार लेकर गये जहां डॉक्टर ने समारू राठिया को मृत होना बताया । घटना के संबंध में थाना तमनार में अप.क्र. 98/19 धारा 302 भादंवि का अपराध सीताराम राठिया पिता स्व. समारू राठिया उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम झिंगोल थाना तमनार के विरूद्ध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है ।

# योग कर शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाएं-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

### रायगढ़ स्टेडियम में जनसामान्य ने किया योगाभ्यास





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बोईरदादर रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बच्चे एवं नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल एवं कलेक्टर यशवंत कुमार तथा पूर्व विधायक रोशन लाल अग्रवाल योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने सभी को योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग करें तथा स्वस्थ एवं निरोग रहे। शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखने के लिए योग बहुत आवश्यक है। सभी अपने जीवन में योग अपनाकर स्वस्थ जीवन का आनंद ले। कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मन के लिए आवश्यक है। जिले भर में नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे, बीएड एवं नर्सिंग कालेज की छात्राएं, जनसामान्य तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।


इस मौके पर योग प्रशिक्षिका कुमारी चुलेश्वरी साव, श्रीमती सविता गढ़तिया, श्रीमती सत्या उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को योगाभ्यास कराया। जिसमें शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, स्कंध चालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, योगासन, वाड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन किया गया। खगेश्वर डनसेना एवं उनकी टीम ने योग का आकर्षक प्रदर्शन किया। इस मौके पर सभी ने शांतिपाठ भी किया।

### योग से जीवन होता निरोग



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज केएमटी शासकीय कन्या महाविद्यालय रायगढ़ के प्राचार्यो, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक देवनाथ प्रसाद पटेल (सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी पीएचई) के द्वारा ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी सहित अन्य योगाभ्यास कराया। उन्होंने प्राणायाम से होने वाली स्वास्थ्यगत लाभ संबंधी जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में संकल्प एवं शांतिपाठ भी कराया गया।

### जिला जेल के बंदियों ने किया योगाभ्यास



जिला जेल रायगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में परिरूद्ध बंदियों के लिए पतंजलि योग समिति रायगढ़, स्वयंसेवी संस्था दिव्य शक्ति के तत्वाधान में महिला एवं पुरूष के लिए सामूहिक योग का कार्यक्रम किया गया था। योग गुरू शत्रुघन मेहर, गोपी भाई, एल.आर.साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया। महिला योग प्रशिक्षक श्रीमती पुष्पा शर्मा, पी.उषारानी, अंजली गुप्ता के द्वारा महिला बंदियों को योगाभ्यास करवाया गया और योग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक एस.के.मिश्रा ने योग के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग शरीर से रोगमुक्त का हार है। सभी को योग करना चाहिए, जिससे तन-मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग सर्वोत्तम साधन है। योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने से शरीर रोगमुक्त हो जाता है। उल्लेखनीय है जिला जेल रायगढ़ में कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन किया जाता है। योग गुरू अरविंद प्रधान द्वारा प्रतिदिन बंदियों को योगाभ्यास कराया जाता है। जिला जेल रायगढ़ में परिरूद्ध बंदी सीताराम कुशवाहा को बहुत सारी बीमारी थी। जेल के अंदर आने के बाद योग प्रशिक्षक के द्वारा नियमित शिविर में योगाभ्यास करवाया गया। जिनसे उनकी बीमारी ठीक हो गई और आज वह पूर्ण रूप से स्वस्थ और प्रसन्न है और उन्होंने इसके लिए योग प्रशिक्षण अरविंद प्रधान को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पंतजलि योग समिति रायगढ़ के गुरमुख दास, लालाराम साहू, स्वयंसेवी संस्था की श्रीमती पिंकी गोयल, सुनीता अग्रवाल, श्रीमती मधु अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मनीला त्रिपाठी, श्रीमती विनीता मिश्रा, श्रीमती पुष्पा शर्मा, अंजली गुप्ता सहित जिला जेल रायगढ़ के शिक्षक हेमंत नामदेव, विरेन्द्र तिवारी मुख्य प्रहरी, आशीष बाजेपयी फार्माशिष्ट, श्रवण पैकरा प्रहरी, शिवचरण राठिया प्रहरी, नरेन्द्र कुमार साहू प्रहरी उपस्थित थे।

# शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में आज शिशु संरक्षण माह के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड धरमजयगढ़ के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल के प्रांगण में किया गया। शिशु संरक्षण माह 21 जून से प्रारंभ होकर 23 जुलाई तक चलेगा। विधायक राठिया ने कहा कि 0 से 5 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती माताओं को नौ जानलेवा बीमारियों तथा टिटनेस से बचाव हेतु टीके अवश्य लगवायें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने शिशु संरक्षण माह के दौरान मंगलवार और शुक्रवार को जिले के सभी ग्रामों में आयोजित टीकाकरण सत्रों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। अतएव 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन की खुराक अवश्य पिलायें। इस अवसर पर विद्या डनसेना, अनिरूद्ध राठिया सरपंच छाल, निलाम्बर राठिया भूतपूर्व सरपंच छाल, डॉ.बी.पी. पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, गनपत कुमार नायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ.बी.एल.भगत विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ.एस.के. पैंकरा चिकित्सा अधिकारी छाल, सूरज पटेल विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छाल के समस्त स्टॉफ तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480